दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

बच्चों के दिमागी बुखार की नकली वैक्सीन बेचने वाला डॉक्टर गिरफ्तार

Nagour News - झोटवाड़ा थाना पुलिस ने शुक्रवार देर रात को बच्चों की दिमागी बुखार की नकली दवा बेचने वाले डॉक्टर और मेडिकल स्टोर...

Nov 10, 2019, 07:25 AM IST

झोटवाड़ा थाना पुलिस ने शुक्रवार देर रात को बच्चों की दिमागी बुखार की नकली दवा बेचने वाले डॉक्टर और मेडिकल स्टोर संचालक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित डॉ. धर्मचंद मनौता (61) पावर हाउस रोड जोधपुर और मनोज कुमार वर्मा (40) झोटवाड़ा का रहने वाला है। शनिवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया जहां से डा ॅ. धर्मचंद को तीन दिन के पुलिस कस्टडी में सौंपा है। वहीं मनोज कुमार को न्यायिक हिरासत में भेजा है।

मिली थीं 4 वैक्सीन...

थानाप्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि जून माह में आरोपियों के खिलाफ ड्रग कंट्रोलर अजय ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। ड्रग टीम को अप्रैल महीने में सूचना मिली थी कि कालवाड़ रोड स्थित वी. क्योर मेडिकल स्टोर पर बच्चों की दिमागी बुखार की नकली वैक्सीन मिल रही है। कार्रवाई के दौरान टीम को वहां 4 वैक्सीन मिले। पूछताछ में दुकानदार ने यह वैक्सीन जोधपुर में बच्चों के डॉक्टर धर्मचंद से खरीदना बताया। टीम को वैक्सीन खरीदने के बिल व चैक से पेमेंट करने की जानकारी मिली।

Source: https://www.bhaskar.com/rajasthan/nagour/news/rajasthan-news-doctor-selling-fake-brain-vaccine-arrested-072543-5904638.html